# ग्रामीण विकास युवा संस्थान,

## मधुवन विहार कॉलोनी, सैथल रोड़ दौसा

## वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन चालू वित्तीय वर्ष 2016–2017

1. **बाल श्रमिको का सर्वे कार्यक्रम :–** श्रम मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के सहयोग से दौसा बाल श्रमिक परियोजना संस्था दौसा द्वारा ग्रामीण विकास युवा संस्थान दौसा के माध्यम से दौसा जिले के बांदीकुई ब्लॉक में 09 से 14 आयु वर्ग के 138 बाल श्रमिको का सर्वे दिनांक 01.05.2016 से 15.06.2016 तक किया गया। यह सभी बाल श्रमिक ईट भटटो, कल कारखानों, होटलो, चाय की दुकानों, पर कार्यरत पाये गये। तथा कुछ बाल श्रमिक स्वनियोजित कार्य करते पाये गये। सर्वे में अनुसूचित जाति वर्ग के 28 बालक–बालिका और ओबीसी वर्ग 81 बालक–बालिका, तथा अल्पसंख्यक समुदाय के 19 बालक–बालिका के है।

2. **बाल श्रमिक विशेष प्रशिक्षण केन्द्रो का संचालनः–** श्रम मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के सहयोग से दौसा बाल श्रमिक परियोजना संस्था दौसा द्वारा ग्रामीण विकास युवा संस्थान दौसा के माध्यम से दौसा जिले के दौसा की ग्राम पंचायत बापी के ग्राम शिवरामपुरा प्रथम एवं द्वितीय में दो बाल श्रमिक विशेष प्रशिक्षण केन्द्रो का संचालन दिनांक 07.10.2016 से किया गया। जिसमें बाल श्रमिक विशेष प्रशिक्षण केन्द्र शिवरामपुरा प्रथम में 27 बाल श्रमिको का नामांकन किया गया और बाल श्रमिक विशेष प्रशिक्षण केन्द्र शिवरामपुरा द्वितीय में 30 बाल श्रमिको का नामांकन किया गया। बाल श्रमिक विशेष प्रशिक्षण केन्द्रो के संचालन का समय प्रातःकाल 7.00 बजे से दोपहर 12 बजे का रखा गया। बाल श्रमिक विशेष प्रशिक्षण केन्द्रो पर बाल श्रमिको को प्राथमिक शिक्षा के व्यवसाय शिक्षा भी दी जा रही है। बाल श्रमिक विशेष प्रशिक्षण केन्द्रो के माध्यम से उक्त बाल श्रमिको को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए संस्थान प्रयासरत हैं।

3. **प्लसमेंन्ट कार्यक्रम :–** ग्रामीण विकास युवा संस्थान, दौसा द्वारा बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने हेतु प्लसमेंन्ट कार्यक्रम संचालित हैं। जिसमें संस्थान द्वारा राजस्थान ग्रामीण आजीविका मिशन दौसा एवं जिला परिषद दौसा द्वारा संचालित माडा योजना अन्तर्गत आश्रम छात्रावासों में प्लसमेंन्ट के माध्यम से दिनाक 01 अप्रैल 2016 से 115 युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया गया है।

4. **स्वयं सहायता समुहों का गठन एवं निर्माण :–** ग्रामीण विकास युवा संस्थान दौसा द्वारा स्वयं सहायता समुहों के माध्यम से बी.पी.एल. परिवारों को बैको से ऋण दिलवाकर आत्मनिर्भर बनाने हेतु जयपुर जिले की जमवारामगढ पंचायत समिति की 43 ग्राम पंचायतों में बी.पी.एल परिवारो के स्वयं सहायता समूह बनाकर उनको स्वजरोजगार के जरिये आत्म निर्भर बनाने हेतु 01 अप्रैल, 2016 को कार्य प्रारम्भ किया गया। संस्थान द्वारा वर्ष 2016–17 अन्तर्गत 1 अप्रैल, 2016 से 15 दिसम्बर 2016 तक कुल 28 स्वयं सहायता समुह बनाकर 287 बी.पी.एल. परिवारो को लाभान्वित किया गया। स्वयं सहायता समूहो की मासिक बैठकों का आयोजन, बचत राशि रखा संधारण, बैक लिंकेज नियमित किया जा रहा है। गतिविधि का चयन कर कौशल विकास प्रशिक्षण कराया जा रहा है। जिसमें से 11 स्वय सहायता समुहो को बैंको से भैस पालन एवं गलीचा उधोग, नगीना कटींग, टेलरिंग कटिंग एवं बुनाई, आरीतारी (जरी कढाई), बर्तन उधोग, गतिविधियों के लिए ऋण दिलाकर व्यवसाय शुरू करा दिया गया।

SECRETARY
Gramin Vikas Yuva Sansthan
Dausa (Raj.) India

SECRETARY
Gramin Vikas Yuva Sansthan
Dausa (Raj.) India

5. **स्वयं सहायता समुहों का दो दिवसीय आमुखीकरण प्रशिक्षण** :–ग्रामीण विकास युवा संस्थान दौसा द्वारा जयपुर जिले की पंचायत समिति जमवारामगढ़ में संस्थान द्वारा गठित 28 स्वयं सहायता समुहों को दो दिवसीय आमुखीकरण प्रशिक्षण दिनांक 16.08.2016 से 17.08.2016 तक को जयसवाल धर्मशाला बांकीमाता देवीतला रायसर में आयोजित किया गया। जिसमें कुल 28 समुहों के 282 सदस्यों ने भाग लेकर प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण में विषय विशेषज्ञों द्वारा स्वयं सहायता समुहों के गठन का उददेश्यों के बारे मे जानकारी प्रदान की, साथ ही समुह संचालन हेतु मासिक बैठकों एवं बचत राशि, दस्तावेजों का रख रखाव एवं जानकारी और समुह में ऋण का लेन देन, आदर्श समुह के नियमों के बारे में जानकारी प्रदान की,

6. **स्वयं सहायता समुहों का कौशल विकास प्रशिक्षण** :– ग्रामीण विकास युवा संस्थान दौसा द्वारा जयपुर जिले की पंचायत समिति जमवारामगढ़ में संस्थान द्वारा गठित 28 स्वयं सहायता समुहों में से 11 स्वयं सहायता समुहों को दस दिवसीय कौशल प्रशिक्षण दिनांक 16.09.2016 से 25.09.2016 तक जयसवाल धर्मशाला देवीतला, रायसर में आयोजित किया गया। जिसमें कुल 11 समुहों के 113 सदस्यों ने भाग लेकर प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण में स्वयं सहायता समुहों के सदस्यों को भैंस पालन से सम्बन्धित आवश्यक जानकारी विषय विशेषज्ञों द्वारा दी गई। जिसमें भैंसों का रख रखाव की जानकारी के साथ भैंसो के नस्ल सुधार सम्बन्धित कार्यक्रमों की जानकारी, भैंसों में होने वाले रोगों के उपचार की जानकारी, दुध बढाने वाले पोषहारों की जानकारी, दुध डेयरी इत्यादि जानकारी के साथ माइक्रो गतिविधियों में आरीतारी (जरी कढाई), गलीचा उधोग, टेलरिंग कटीग (सिलाई उधोग) के व्यवसाय सम्बन्धित जानकारी प्रदान की। जिसमें कच्चे माल का आयात एवं तैयार माल का निर्यात करने सम्बन्धित जानकारी दी गई। उपकरणों का रख रखाव और उत्पादन करने सम्बन्धित जानकारियां देकर सम्बन्धित ट्रेड में दक्षता एवं क्षमता विकास का प्रशिक्षण कराया गया।

7 **जिला स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम** :– ग्रामीण विकास युवा संस्थान दौसा द्वारा भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेलकूद मन्त्रालय की स्वायतशासी संस्था नेहरू युवा केन्द्र दौसा के सहयोग से ग्राम सैंथल जिला दौसा में दिनांक 25 नवम्बर 2016 को प्रातःकाल 11.00 बजे जिला स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 09 ग्रामों से आये स्थानीय लोक कलाकारों सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोक गीत, संगीत, स्थानीय नृत्यकालबेलियां नृत्य, चरी नृत्य, मयुर नृत्य, घुमर नृत्य, गिलासों पर नृत्य, फारीक नृत्य, कच्ची घोडी नृत्य, विभिन्न गीतों की धुन पर प्रस्तुत किया गया। जिसमें विजेता कलाकारों एवं टीमों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

8. **जल, जंगल, जमीन संरक्षण कार्यक्रम** :– ग्रामीण विकास युवा संस्थान दौसा द्वारा जल, जंगल, जमीन संरक्षण कार्यक्रम अन्तर्गत पंचायत समिति दौसा के ग्राम काबलेश्वर में 22 जुलाई, 2016 को ग्रामीणों के सहयोग से 18 हैक्टीयर चरागाह में चारा उत्पादन करने के लिए घास की बोई गई। और 900 छायादार पौधे लगाये गये। इनकी पौधो की सुरक्षा हेतु वन सुरक्षा समिति का गठन किया गया। और घास एवं पेडों की सुरक्षा की जिम्मेदारी ग्राम वन सुरक्षा समिति काबलेश्वर को सौपी गई।

9. **वर्मी कम्पोस्ट खाद उत्पादन कार्यक्रम** :– ग्रामीण विकास युवा संस्थान दौसा द्वारा जयपुर जिले के जमवारामगढ़ ब्लॉकमें पिछलें वर्षो से जैविक खेती को बढावा देने के लिये कार्य कर रही है। संस्थान द्वारा वर्ष 2016–17 अन्तर्गत दिनांक 03 अक्टुम्बर 2016 से 04 अक्टुम्बर 2016 को कार्यशाला आयोजन किया। कार्यशाला मे ग्राम रायसर, भावनी, टोडामीना, दन्ताला मेहगी, के 60 किसानों ने भाग लिया। संस्थान के विषय विशेषज्ञो द्वारा किसानो को जैविक

SECRETARY
Gramin Vikas Yuwa Sansthan
Dausa (Raj.) India

SECRETARY
Gramin Vikas Yuwa Sansthan
Dausa (Raj.) India

खेती में वर्मी कम्पोस्ट खाद का उपयोग करने के लिए किसानों को प्रोत्साहित गया है। किसानों को वर्मी खाद तैयार करने के बारे में बताया है। और वर्मी कम्पोस्ट खाद का प्लांट लगाने के लिए किसानों को प्रोत्साहित गया है। अब धीरे–धीरे किसानों का रासायनिक खाद से वर्मी कम्पोस्ट खाद की ओर रूझान बढा है। और किसान भी अब जैविक खेती को बढावा देने के लिये अपने घरों में वर्मी कम्पोस्ट खाद उत्पादन के लिये छोटे–छोटे प्लांट लगा रहे हैं।

10. **ज्वैलरी मैंकिग एवं डिजाईनिंग प्रशिक्षण :–** ग्रामीण विकास युवा संस्थान दौसा द्वारा 20 गरीब, विधवा, तलाकशुदा, परित्यागिता, महिलाओं को ज्वैलरी मेकिग एवं डिजाईनिग व्यवसाय के माध्यम से रोजगार देने के लिए त्रैमासिक ज्वैलरी मैंकिग एवं डिजाईनिंग कौशल विकास प्रशिक्षण का ग्राम सैथल में दिनांक 01 अगस्त 2016 से 30 अक्टुम्बर 2016 तक सम्पन्न कराया गया। जिसमें 20 गरीब, विधवा, तलाक शुदा, परित्यागिता, महिलाऐ प्रतिदिन भाग लेकर ज्वैलरी मेंकिग एवं डिजाईनिग का प्रशिक्षण प्राप्त किया गया। प्रशिक्षण के उपरान्त सभी महिलाओं ने अपने–अपने घरों पर ज्वैलरी तैयार कर बाजार में निर्यात कर प्रति माह तीन से चार हजार रूपये आमदनी कर रही है।

11 **स्वैच्छिक रक्तदान प्रोत्साहित कार्यक्रम :–** ग्रामीण विकास युवा संस्थान दौसा द्वारा ग्राम सैंथल में 25 नवम्बर 2016 को स्वैच्छिक रक्तदान प्रोत्साहित कार्यक्रम अन्तर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 40 युवाओं ने भाग लिया। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञों द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान के बारे में युवाओं को जानकारी देकर स्वैच्छिक रक्तदान करने के लिए युवाओं को प्रेरित किया गया। उसके बाद कार्यशाला में उपस्थित सभी युवाओं द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान करने का संकल्प लिया।

12. **कम्प्यूटर प्रशिक्षण :–** ग्रामीण विकास युवा संस्थान दौसा द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के गरीब, बेरोजगार 25 युवा प्रतिभाओं को कम्प्यूटर की बेसिक जानकारी प्रदान करने के लिये त्रैमासिक कम्प्युटर प्रशिक्षण का आयोजन ग्राम सैंथल में 1 जुलाई, 2016 से 30 सितम्बर 2016 तक किया गया। जिसमें कम्प्यूटर उपकरणों के संचालन की जानकारी दी गई। एवं एम.एस.डॉस, एम.एस.वर्ड, एक्सल, इन्टरनेट, टेली, आदि की साधारण जानकारी दी गई।

**उपरोक्त कार्यक्रमों पर आधारित आपका संस्थान प्रयासरत है। संस्थान द्वारा क्रियान्वित की जाने वाली योजनाओं में आपका सहयोग, सुझाव, मार्गदर्शन, प्रेरणा एवं आर्थिक सहयोग अपेक्षित है।**

भवदीय

(पी. एन. मीना)
सचिव

SECRETARY
Gramin Vikas Yuva Sansthan
Dausa (Raj.) India

SECRETARY
Gramin Vikas Yuva Sansthan
Dausa, Rajasthan